web : www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, बुधवार 01 मई 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-208

## महत्वपूर्ण एवं खास

### थरूर को अदालत से मिली अमेरिका यात्रा की मंजूरी

**नईदिल्ली( आरएनएस)।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने कांग्रेस नेता शशि थरूर को अमेरिका की यात्रा करने की अनुमति दे दी है। पत्नी सुनंदा पुष्कर की मौत के मामले में फैसला लंबित रहने तक उनके विदेश जाने पर रोक लगा दी गई थी। थरूर ने कुछ सम्मेलनों और आयोजनों में शामिल होने के लिए अमेरिका जाने की अनुमति के लिए आवेदन किया था।

### केजरीवाल की पत्नी के खिलाफ केस दर्ज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा चुनाव की गहमागहमी के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी के खिलाफ केस दर्ज हो गया है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल पर दो वोटर कार्ड रखने का आरोप लगा है। दो वोटर कार्ड रखने का आरोप बीजेपी के प्रवक्ता हरीश खुराना ने लगाया है। हरीश खुराना न आरोप लगाया है कि सुनीता केजरीवाल का नाम दिल्ली चांदनी चौक और गाजियाबाद की वोटर लिस्ट दोनों में शामिल है। यह मामला दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में दर्ज कराया गया है, जिसकी सुनवाई कल यानि मंगलवार को हो सकती है।

### पाक ने 55 भारतीय मछुआरों और 5 नागरिकों को रिहा किया

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान ने 55 भारतीय मछुआरों और पांच नागरिकों को सद्भावना के मद्देनजर रिहा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय मछुआरों और नागरिकों को रविवार को कराची की मालिर जेल से रिहा कर दिया गया। पाकिस्तानी क्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के लिए पचास लोगों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि अन्य पांच को अवैध रूप से सीमा पार करने के लिए हिरासत में लिया गया था। उन सभी को एक ट्रेन में लाहौर ले जाया गया, जहां से उन्हें वाघा सीमा पर भारतीय अधिकारियों को सौंपने की उम्मीद है।

### श्रीलंका में बौद्ध मंदिरों पर हमले की आशंका : खुफिया विभाग

**कोलंबो ।** श्रीलंका में खुफिया विभाग को सूचना मिली है कि चरमपंथी संगठन राष्ट्रीय तौहीद जमात महिला आत्मघाती हमलावरों का उपयोग कर बौद्ध मंदिरों पर हमला कर सकता है। मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार, खुफिया विभाग के अधिकारियों ने शुक्रवार रात सैंतामारडू क्षेत्र में जिस घर में छापा मारा था, वहां से उन्हें सफेद स्कर्ट और ब्लाउज मिले हैं। यह क्षेत्र कोलंबो से लगभग 364 किलोमीटर दूर है। अधिकारियों ने कहा कि पिछले महीने 29 मार्च को 29 मुस्लिम महिलाओं ने गिरुल्ला में एक कपड़ों की दुकान से 29,000 श्रीलंकाई रुपयों से ऐसे कपड़ों के नौ जोड़े खरीदे थे। घर से सफेद कपड़ों के अब तक पांच जोड़े बरामद हुए हैं और खुफिया विभाग शेष कपड़ों को तलाशने का प्रयास कर रहा है। दुकान की सीसीटीवी फुटेज में कपड़े खरीदने वाली महिलाएं दिख रही हैं। ईस्टर संडे हमलों के साजिशकर्ताओं की तलाश में देश भर में छापामारी की जा रही है। इन हमलों में 253 लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

### प्रधानमंत्री पर 72 घंटे नहीं बल्कि 72 साल का बैन लगना चाहिए: अखिलेश

**लखनऊ (आरएनएस)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधान जी सवा सौ करोड़ देशवासियों का भरोसा खोकर बंगाल के 40 विधायकों के तथाकथित दल-बदल के अनैतिक भरोसे तक सिमट गए हैं। अखिलेश ने मंगलवार को एक ट्वीट के माध्यम से लिखा, विकास पूछ रहा है। प्रधान जी का शर्मनाक भाषण सुना क्या? सवा सौ करोड़ देशवासियों का भरोसा खोकर अब वो बंगाल के 40 विधायकों के तथाकथित दल-बदल के अनैतिक भरोसे तक सिमट गये हैं। ये वो नहीं काले धन की मानसिकता बोल रही है।

## दक्षिणी राज्यों में तांडव मचा सकता है चक्रवाती तूफान 'फानी'

**» हाई अलर्ट जारी**

नईदिल्ली,30 अप्रैल (आरएनएस)। चक्रवाती तूफान फानी लगातार विकराल रूप लेता दिख रहा है। मौसम विभाग ने ताज़ा जानकारी में अगले 36 घंटों में गंभीर चक्रवाती तूफ़ान फानी के दक्षिणपूर्व और दक्षिण-पश्चिम में बंगाल की खाड़ी के ऊपर और तीव्र होने की आशंका जताई है। सेटेलाइट से मिली तस्वीरों और रडार से मिली सूचना के आधार पर यह तय माना जा रहा है कि 1 मई तक इस चक्रवाती तूफान के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने की आशंका है और यह फिर से ओडिशा तट की ओर उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर जा सकता है।



वहीं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने ट्वीट किया है कि चक्रवाती तूफान फानी ओडिशा तट की तरफ तेज होता जा रहा है फिलहाल यह दक्षिण पूर्व में 700 किमी की दूरी पर है। इसे देखते हुए दक्षिण भारत के कई राज्यों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। गुरुवार तक इस चक्रवाती तूफान के बेहद गंभीर होने की आशंका जताई जा रही है। फानी की वजह से केरल और ओडिशा में भारी बारिश और आंधी की आशंका है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में भी हल्की बारिश और आंधी की आशंका जाहिर की गई है।

लगातार बढ़ रही इस चक्रवाती तूफान की रफ्तार को देखते हुए भारतीय सेना और नौसेना को इससे निपटने के लिए अलर्ट पर रखा गया है। तीनों ही सेनाओं की राहत टीमें बनाई गई हैं जो इमरजेंसी की स्थिति में तेज़ी से राहत पहुंचाने के लिए स्टैंडबाय पर हैं। अधिकारियों ने बताया कि मौसम के इस रुख को देखते हुए सरकार ने राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल और भारतीय तटरक्षक बल को भी हाई अलर्ट पर रखा है। मौसम विभाग ने अपने बुलेटिन में बताया कि चक्रवात चेतावनी विभाग ने कहा कि तूफान फिलहाल श्रीलंका में त्रिंकोमाली के पूर्व-उत्तर पूर्व में 620 किमी, चेन्नई के 770 किमी-दक्षिण-पूर्व में और मछलीपट्टनम से 900 किमी दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में है। इससे पहले भारतीय नौसेना ने भी बताया है कि चक्रवाती तूफान के गंभीर होने की स्थिति में वह तेजी से मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसके लिए नौसेना ने जहाजों को पर्याप्त मात्रा में अतिरिक्त गोताखोरों, डॉक्टरों, हवा वाली रबड़ की नौकाओं और राहत सामग्री के साथ तैयार किया है।

## आठ साल के बच्चे ने बदले के लिए की मासूम की हत्या

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आठ साल का बच्चा बदले की आग में इस कदर भी पागल हो सकता है कि वह डेढ़ साल के एक मासूम की निर्मम तरीके से हत्या कर दे. वह भी सिर्फ इसलिए कि उस बच्चे की बहन ने उसके भाई को पीटा था. दक्षिण दिल्ली के फतेहपुर बेरी में एक ऐसी ही घटना सामने आई है.

पुलिस के अनुसार डेढ़ साल का मासूम आलोक रविवार की रात अपनी मां गीता के साथ सोया हुआ था. सोमवार की सुबह हल्ला मच गया कि रात किसी वक्त से आलोक गायब है. इस बात का पता तब चला जब आलोक की मां की आंख सुबह चार बजे खुली. गीता ने देखा कि आलोक बिस्तर पर नहीं है.

यहां-वहां उसकी तलाश की गई. लेकिन वो नहीं मिला. सुबह करीब 7 बजे आलोक का शव एक गंदी नाली में मिला. आलोक के आंख और चेहरे पर चोट के निशान थे. कान से भी खून निकल रहा था. इसी दौरान जानकारी मिली कि आलोक के पड़ोस में ही रहने वाला एक और बच्चा गायब है. बच्चे की उम्र करीब साढ़े आठ साल बताई गई. पुलिस के साथ क्षेत्रीय लोगों ने बच्चे की तलाश शुरू कर दी.

## दुल्हन समेत 4 की मौत, जीवन मृत्यु के बीच संघर्षरत दूल्हा

**» डोली वाली कार हादसाग्रस्त**

**लुधियाना (आरएनएस)।** पंजाब में लुधियाना के निकट सोमवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में दुल्हन समेत चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूल्हे की हालत गंभीर बनी हुई है। जगाधरी से पांच लोग सुबह 5 बजे डोली लेकर एसयूवी से लुधियाना के लिए निकले थे। रास्ते में ढंडारी कला के पास आकर अचानक गेहूं काटने वाली मशीन कंबाइन के साथ एसयूवी की टक्कर हो गई। इस हादसे में दुल्हन समेत 4 लोगों की मौत हो गई जबकि दूल्हा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।




तीन मृतकों के नाम दुल्हन हिना, जरीना, जमशेद आलम हैं और एक मृतक की पहचान नहीं हुई है। घायल दूल्हे का नाम सादिक है जोकि एसपीएस अपोलो अस्पताल में भर्ती है। एसयूवी को ड्राइवर जमशेद आलम चला रहा था और हादसे के बाद तीन लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एसयूवी के भी परखच्चे उड़ गए। पुलिस कमिश्नर सुखचैन सिंह गिल ने कहा कि हादसे के कारणोंकी जांच की जा रही है।

## केरल में एनआईए ने पकड़ा आईएस संदिग्ध

**» श्रीलंका जैसे हमले की थी प्लानिंग**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने केरल में इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े एक संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा एजेंसियों को शक है कि पकड़ा गया शख्स श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में हुए सीरियल ब्लास्ट की तरह किसी बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने की साजिश रच रहा था।

गिरफ्तार किए गए शख्स की पहचान रियास ए उर्फ रियास अबूबकर उर्फ रियास अबू दुजाना के रूप में की गई है। रिपोर्ट के अनुसार उसने




स्वीकार किया है कि वह श्रीलंका सीरियल ब्लास्ट के मास्टर माइंड ज़हरान हाशिम से प्रेरित था। वह हाशिम के भाषणों और वीडियो को पिछले करीब एक साल से सुन और देख रहा था। इसके अलावा वह विवादित इस्लामिक उपदेशक ज़ाकिर नायक के भी भाषण सुनता था। जांच के दौरान पता चला कि वह केरल में आत्मघाती हमला करना चाहता था। श्रीलंका में सीरियल ब्लास्ट के बाद एक मामला सामने आया था, जिसमें कहा गया था कि करीब 15 लोग इस्लामिक स्टेट ग्रुप ज्वाइन करने के लिए भारत से बाहर गए थे।

तफ्तीश में पता चला था कि लापता युवक अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन आईएस के संपर्क में हैं। इससे पहले केरल के कासरगोड और पलक्कड़ में एनआईए ने तीन संदिग्ध आतंकियों से पूछताछ की थी।कासरगोड ड्रग्स मॉड्यूल केस के सिलसिले में संदिग्धों के घरों में छापेमारी के दौरान धार्मिक उपदेशों से जुड़ी डीवीडी और सीडी कैसेट्स के अलावा विवादित इस्लामिक प्रचारक जाकिर नाइक के भाषणों की कैसेटें भी मिली थीं। इसके अलावा मोबाइल फोन, सिम कार्ड, मेमोरी कार्ड्स, पेन ड्राइव्स, अरबी और मलयाली में हाथ से मिले नोट्स भी बरामद हुए थे।

बता दें कि 21 अप्रैल को ईसाइयों के पवित्र त्योहार ईस्टर पर श्रीलंका में सबसे बड़ा आतंकी हमला हुआ। राजधानी कोलंबो समेत कई जगहों पर 8 सीरियल ब्लास्ट में 250 से ज्यादा लोगों की मौत और 300 से अधिक लोग घायल हुए थे।

## सीजेआई खंडपीठ का भूषण पर आरोपवाली याचिका पर सुनवाई से इनकार

**नईदिल्ली( आरएनएस)।** सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की खंडपीठ ने मंगलवार को उस जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया जिसमें दावा किया गया कि अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने स्वीकार किया है कि प्रधान न्यायाधीश के खिलाफ लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों के पीछे उनका हाथ है।

जब वकील एम. एल. शर्मा ने प्रधान न्यायाधीश गोगोई के सामने जिक्र किया कि भूषण ने मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है, प्रधान न्यायाधीश गोगोई ने कहा, किसी अन्य खंडपीठ के समक्ष उल्लेख करें, इस खंडपीठ के समक्ष नहीं।

## हिमालय में दिखे हिम मानव येति के निशान

**» भारतीय सेना ने जारी किए सबूत**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** हिमालय की बर्फ से ढकी चोटियों पर हिममानव के रहने की बात आपने भी सुनी होगी। पौराणिक कथाओं और हॉलिवुड मूवीज़ में भी आपने हिम मानव के बारे में जरूर देखा और सुना होगा। कई ऐसे लोग हैं जो हिममानव को देखने का दावा करते हैं, हालांकि इस बारे में कोई प्रत्यक्ष प्रमाण आज तक नहीं मिल पाया है। लेकिन अब भारतीय सेना ने हिमालय में हिम मानव येति की मौजूदगी का दावा किया है।

यह पहली बार है जब भारतीय सेना ने सबूतों के साथ येति की मौजूदगी का दावा किया है। भारतीय सेना ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें बर्फ के बीच बड़े-बड़े पांव के निशान देखे जा सकते हैं। इन निशानों को हिममानव 'येति' का माना जा रहा है। सेना की तरफ से जारी ट्वीट में कहा गया है, पहली बार भारतीय सेना की पर्वतारोहण टीम ने 9 अप्रैल 2019 को मकालू बेस कैंप के नजदीक 32×15 इंच वाले हिममानव येति के रहस्यमय पैरों के निशान देखे हैं। यह मायावी हिममानव इससे पहले केवल मकालू-बरून नेशनल पार्क में देखा गया था।




**क्या है हिम मानव**

हिम मानव यानि येति के बारे में कहा जाता है कि यह दुनिया के सबसे रहस्यमयी प्राणियों में से एक है। लद्दाख के कुछ बौद्ध मठों ने दावा किया था कि हिम मानव येति उन्होंने देखे हैं। शोधकर्ताओं की मानें तो ये पोलर बियर वाली प्रजाति है जो 40 हजार साल पुरानी है।

कुछ रिसर्चर कहते हैं कि ये भालू की ही एक प्रजाति है जो हिमालय में रहती है। इसे लेकर वैज्ञानिकों में भी एकमत नहीं हैं। येति के बारे में कहा जाता है कि यह हिम का बना विशाल मानव होता है, जिसके पूरे शरीर में बाल होते हैं और वह इंसानों की तरह चलता है। येति के बारे में प्रचलित है कि यह हिमालय एवं तिब्बती क्षेत्रों को अंदर निवास करता है। हालांकि वैज्ञानिकों का मानना है कि येति एक विशालकाय जीव है, जो दिखता बंदर की तरह है, लेकिन इंसानों की तरह दो पैरों पर चल सकता है।

## शरडी एयरपोर्ट पर रनवे से फिसला विमान, आगे का पहिया टूटा



**मुंबई (आरएनएस)।** किफायती विमानन कंपनी स्पाइसजेट का एक विमान सोमवार को शिरडी एयरपोर्ट पर उतरते समय रनवे से फिसल गया। यह विमान दिल्ली-शिरडी मार्ग पर सेवा देता है। एयरलाइन के मुताबिक, विमान में सवार मुसाफिरों और चालक दल के किसी सदस्य को कोई नुकसान नहीं हुआ है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा, 29 अप्रैल 2019 को दिल्ली से शिरडी जा रहे स्पाइसजेट बी737-800 विमान शिरडी में उतरने वक्त रनवे से फिसल गया। यात्री और चालक दल सुरक्षित हैं और उन्हें सामान्य तरीके से ही विमान से उतारा गया है। इस एयरपोर्ट पर सवार यात्रियों की संख्या के बारे में अभी तक जानकारी नहीं मिल सकी है। सूत्रों ने कहा कि इस हादसे के कारण हवाई अड्डे पर विमानों की आवाजाही ठप्प हो गई है। बता दें कि शिरडी एक प्रसिद्ध तीर्थस्थल है जहां बाहर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं, बाद में, एक स्पाइसजेट प्रवक्ता ने इस घटना की पुष्टि की है।

## अमेरिका में चार सिखों की गोली मारकर हत्या

**सिनसिनाटी ।** अमेरिका के सिनसिनाटी में सिख समुदाय के चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मृतकों में 3 महिलाएं और एक पुरूष हैं।

चारों शव यहां के वेस्ट चेस्टर में एक अपार्टमेंट में पाए गए हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। वेस्ट चेस्टर पुलिस के मुताबिक, रविवार को रात लगभग 10 बजे किसी शख्स ने 911 पर फोन करके पुलिस को घटना की सूचना दी थी। जब पुलिस उत्तरी सिनसिनाटी में स्थित इस कॉम्प्लेक्स में पहुंची तो एक सिख परिवार को 4 सदस्यों की लाशों को फर्श पर पड़ा हुआ पाया। पुलिस ने बताया कि उन्हें कॉल करने वाला शख्स काफी घबराया हुआ था और कह रहा था कि वे फर्श पर पड़े हुए हैं और उन सभी का खून बह रहा है। उन्होंने बताया कि फोन करने वाला शख्स लगातार मदद की गुहार लगा रहा था।




आरोपी कौन है इसके बारे में अभी तक पता नहीं लग सका है। हत्या के मकसद के बारे में पूछने पर पुलिस ने कहा है कि अभी किसी भी नतीजे पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। पुलिस ने कहा कि परिवार को अन्य सदस्यों और पड़ोसियों से बातचीत की जा रही है। हालांकि उसने यह भी कहा कि हत्यारा मारे गए लोगों में से होने की संभावना बेहद कम है। पुलिस ने कहा कि जब यह घटना हुई उस समय परिवार रात के खाने की तैयारी कर रहा था। इस घटना के बाद से अमेरिका के सिख समाज में शोक व्याप्त है।

## बीएसएफ के बर्खास्त जवान तेज बहादुर को टिकट

**» सपा ने मोदी के खिलाफ बदला प्रत्याशी**

**वाराणसी (आरएनएस)।** सपा-बसपा गठबंधन ने वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपना प्रत्याशी बदल दिया है। बता दें कि सोमवार को नामांकन दाखिल करने का आखिरी दिन था। सपा की पूर्व घोषित प्रत्याशी शालिनी यादव और बीएसएफ के बर्खास्त जवान तेज बहादुर यादव दोनों ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर पर्चा दाखिल किया। हालांकि बाद में पार्टी ने स्पष्ट किया कि तेज बहादुर यादव ही मोदी के खिलाफ उनके प्रत्याशी होंगे और शालिनी यादव बाद में अपना नामांकन वापस लेंगी।

इससे पहले सपा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज राय धूपचंडी बीएसएफ के बर्खास्त जवान तेज बहादुर यादव के साथ पर्चा दाखिल कराने पहुंचे। धूपचंडी ने दावा किया कि तेज बहादुर पार्टी के प्रत्याशी होंगे। धूपचंडी ने कहा कि पीएम मोदी के खिलाफ वाराणसी में बीएसएफ के बर्खास्त जवान तेज बहादुर यादव एसपी के प्रत्याशी होंगे।



उन्होंने कहा कि एसपी की अब तक घोषित प्रत्याशी शालिनी यादव अपना नामांकन पत्र वापस ले लेंगी।

बता दें कि बीएसएफ के बर्खास्त जवान तेजबहादुर इसके पहले भी नामांकन कर चुके हैं लेकिन सूत्रों के मुताबिक उनका पर्चा किसी वजह से खारिज हो गया था। यह भी कहा जा रहा है कि उन्होंने टिकट के लिए एसपी अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात भी की थी। सूत्रों के मुताबिक तेज बहादुर का पर्चा स्वीकार होते ही दो मई को नाम वापसी के आखिरी दिन से पहले शालिनी अपना नाम वापस ले लेंगी।

इससे पहले जब शालिनी यादव नामांकन करने के लिए कलक्ट्रेट में जुलूस लेकर पहुंचीं। उसी समय धूपचंडी बीएसएफ के बर्खास्त जवान को लेकर नामांकन का एक सेट और दाखिल कराने पहुंच गए। दोनों प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल कर दिया। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक अगर समाजवादी पार्टी तेज बहादुर पर दांव लगाती है तो इसके जरिए वह पीएम मोदी पर सीधे हमला कर सकेगी।